कोटद्वार, शुक्रवार
25 जुलाई 2025
वर्ष: 47
अंक: 86 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### मतदान से पहले 20 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

रुद्रपुर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मतदान से पहले कोतवाली पुलिस ने 20 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, अंग्रेजी शराब को पंचायत चुनाव में बांटने की तैयारी थी। पुलिस ने मौके से एक को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य फरार हो गए। शराब की बोतलों पर उत्तराखंड आबकारी विभाग की मुहर लगी हुई है। बुधवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि शिमला पिस्तौर क्षेत्र में मनोज यादव नामक व्यक्ति के घर के पास एक पिकअप वाहन में शराब लाई गई है, जिसे चुनाव में बांटने की योजना है। उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह रिंगवाल व उनकी टीम सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस को देख वाहन के बाहर खड़े लोग मौके से फरार हो गए। चालक सीट पर बैठे एक युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम गुरपाल पुत्र नन्हे निवासी मुबारकपुर, थाना बिलासपुर, रामपुर यूपी बताया। उसने बताया कि वाहन में शराब लादकर पंचायत चुनाव में बांटने के लिए शिमला पिस्तौर लाया था और यह काम उसे एक व्यक्ति ने सौंपा था। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें कुल 20 पेटियां अंग्रेजी शराब की बरामद हुईं। चालक समेत वाहन को चौकी बगवाड़ा पहुंचाया गया। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी बोतलों पर उत्तराखंड आबकारी विभाग की मुहर लगी हुई है। मामले में जांच की जा रही है।

### मोरी, पुरोला और नौगांव में मतदाताओं की लगी लंबी कतारें

उत्तरकाशी। पंचायत चुनाव के यज्ञ में आहुति डालने के लिए मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखा। सुबह से ही बूथों पर कतार लगनी शुरू हुई और फिर यह क्रम नहीं टूटा। वे न तो बारिश से डिगे और न ही भूख–प्यास से व्याकुल हुए। हर मतदाता में अपना मुखिया चुनने की ललक दिखी। जो बुजुर्ग बीमार थे और चलने फिरने में असमर्थ थे, वह भी बेटे या पौत्र के सहारे बूथ पर पहुंचे। पहली बार मतदान करने को लेकर युवाओं ने भी खासा उत्साह दिखा। कुछ युवक–युवतियां तो साथ में अपना वोटर आईडी कार्ड व आधार साथ ले आये। वहीं नई नवेली दुल्हनें भी पहली बार ससुराल की चौखट लांघकर बूथ पर पहुंची।


त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में गांव की सरकार चुनने के लिए पहले चरण में गुरुवार को सीमांत जनपद उत्तरकाशी के मोरी, पुरोला व नौगांव ब्लॉकों में मतदान हुआ। बारिश के मौसम को देखकर माना जा रहा था कि बूथों पर मतदाताओं की कतार देखने को न मिले, लेकिन गुरुवार को मतदान के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। मतदाताओं में मतदान करने को लेकर गजब का उत्साह दिखाई दिया। यहां सुबह सात बजे के पहले ही अधिकांश बूथों पर मतदाताओं की कतार लग गई थी। लोग जल्द से जल्द मतदान शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। कुछ लोगों ने तो यह ठान लिया था कि पहला वोट वह ही डालेंगे। इसलिए वे भोर में सुबह छह बजे ही बूथ पर पहुंच गए थे। जैसा कोई दूसरा व्यक्ति पहुंचता था कि बोल पड़ते थे कि भाई हम सबसे पहले लाइन में लगे हैं। इस दौरान जिस भी बूथ पर नजर गई, हर जगह महिलाओं व पुरुषों की लंबी कतार लगी दिखी।

### दिल्ली–यमुनोत्री हाईवे पर दिनभर रहा जाम

विकासनगर। मतदान के दिन विकासनगर में दिल्ली–यमुनोत्री मार्ग पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। विकासनगर से कालसी और कालसी से विकासनगर की तरफ आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस को भी दिनभर जाम खुलवाने लिए मशक्कत करनी पड़ी। दरअसल, दिल्ली–यमुनोत्री राजमार्ग पर रसूलपुर में झड़ूपुर के पास एनएच के दोनों तरफ प्राथमिक विद्यालय में दो मतदान केंद्र बने हुए थे। दोनों में सुबह से ही मतदाताओं की भीड़ जुटी रही। प्रत्याशियों ने अपने बस्ते भी सड़क के दोनों तरफ लगा रहे थे। अपने वाहनों में मतदान करने के लिए आने वाले लोग भी सड़क पर ही वाहन खड़े कर रहे थे। जिससे विकासनगर से कालसी और कालसी से विकासनगर और अन्य स्थानों के आने–जाने वाले लोगों के साथ ही मतदान करने आने वाले लोग भी जाम से काफी परेशान रहे।

## मुंबई ट्रेन ब्लास्ट मामले में हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

### 12 दोषियों की रिहाई टली



नई दिल्ली ,2006 के मुंबई सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक बड़ा फैसला सुनाते हुए सभी 12 दोषियों को बरी करने के बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। महाराष्ट्र सरकार और आतंकवाद निरोधी दस्ते द्वारा हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने यह अंतरिम रोक लगाई। इस फैसले के बाद अब दोषियों की जेल से रिहाई टल गई है। 11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सात सिलसिलेवार बम धमाकों में 187 लोगों की जान चली गई थी और 800 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इस मामले में लंबी सुनवाई के बाद 2015 में एक विशेष मकोका अदालत ने 12 लोगों को दोषी ठहराया था, जिनमें से 5 को मौत की सजा और 7 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। लेकिन इसी हफ्ते 21 जुलाई को बॉम्बे हाईकोर्ट ने सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए सभी 12 दोषियों को बरी कर दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है। बॉम्बे हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले पर तत्काल सुनवाई की मांग की थी, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने गुरुवार को सुनवाई की।सरकार ने अपनी याचिका में कहा कि हाईकोर्ट ने एक आरोपी से ऋष्ठङ्ग की बरामदगी को बेहद "तकनीकी आधार" पर खारिज कर दिया। दलील दी गई कि जब्त विस्फोटक को सुरक्षा कारणों से सील नहीं किया गया था, क्योंकि ऋष्ठङ्ग अत्यधिक ज्वलनशील होता है। सरकार ने यह भी कहा कि मामले में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए मंजूरी दी गई थी, जिसे हाईकोर्ट ने नजरअंदाज कर दिया। इन दलीलों को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए सभी आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ दायर अपील पर नोटिस जारी किया है।

### मुख्यमंत्री ने प्रदान की 81.72 करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं हेतु वित्तीय स्वीकृति

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड जल संस्थान एवं पेयजल निगम के अनुरक्षणाधीन पम्पिंग पेयजल योजनाओं, नगरीय पेयजल योजनाओं एवं ग्रामीण पेयजल योजनाओं के रख–रखाव हेतु रू0 62 करोड़, जनपद चम्पावत के विकासखण्ड पाटी में मल्टीलेवल पार्किंग तथा बहुउद्देशीय भवन निर्माण कार्य हेतु रू0 11.04 करोड़, जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत जागेश्वर में चितई पेटशाल भेटाडागी मोटर मार्ग (पेटशाल–बमनस्वाल–सुवाखान) मोटर मार्ग में परिवर्तन करते हुए पुनः निर्माण/सुधारीकरण, डामरीकरण के कार्य हेतु रू0 4.66 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद उधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र बाजपुर में चकरपुर घनसारा मार्ग के स्थानीय लेवडा नदी पर स्पान पुल एवं पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य हेतु रू0 2.83 करोड़, जनपद रूद्रप्रयाग के विकासखण्ड ऊखीमठ में ओमकारेश्वर मंदिर के समीप कार पार्किंग के निर्माण हेतु रू0 1.16 करोड़, जनपद उत्तरकाशी के जानकीचट्टी के निकट गंगनानी (गरम पानी) में टनल पार्किंग की डी.पी.आर. गठन हेतु रू0 3.18 लाख की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद उधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र बाजपुर में सरदार नगर–बाजपुर–केशोवाला–बन्नाखेडा–बैलपड़ाव–कोटाबाग–कालाढूंगी मोटर मार्ग की लेवडा नदी पर सेतु के निर्माण कार्य का भी अनुमोदन प्रदान किया है।

## सीएम धामी ने माँ के साथ किया मतदान



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के क्रम में गुरुवार को राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय नगला तराई, जिला ऊधमसिंह नगर में बूथ नंबर 3 पर लाईन में लगकर मतदान किया। मुख्यमंत्री के साथ उनकी माताजी श्रीमती बिशना देवी ने भी मतदान किया। मुख्यमंत्री ने सभी ग्रामीण मतदाताओं से त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में उत्साह पूर्वक मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता का एक-एक वोट राज्य में पंचायतों को मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

### दिल्ली, यूपी व गुजरात में बड़े हमले की साजिश नाकाम

## पकड़े गए अल–कायदा के आतंकियों को लेकर बड़ा खुलासा



अहमदाबाद/नई दिल्ली ,गुजरात एटीएस ने एक बड़े अंतर–राज्यीय ऑपरेशन में अल–कायदा के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए चार संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां गुजरात, दिल्ली और नोएडा से की गई हैं।

जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि यह मॉड्यूल पाकिस्तानी सेना और आईएसआई के इशारे पर 'ऑपरेशन सिंदूरझ् के खिलाफ भारत में माहौल बिगाड़ने और दिल्ली, यूपी व गुजरात में बड़े आतंकी हमलों की तैयारी कर रहा था।गुजरात एटीएस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए आतंकी 'अल–कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट से जुड़े हैं।

इनका मुख्य काम भारत के 'ऑपरेशन सिंदूरझ् के खिलाफ पाकिस्तान के पक्ष में एक विशेष समुदाय के युवाओं को सोशल मीडिया के जरिए भड़काना और रेडिकलाइज्ड करना था। जांच में पता चला है कि यह मॉड्यूल पाकिस्तानी सेना के 'ऑपरेशन बुनयान उल मरसूस के समर्थन में काम कर रहा था। इन आतंकियों ने 'ऑपरेशन सिंदूरझ् के दौरान कई बार पाकिस्तानी सेना और के अधिकारियों से संपर्क साधा था। आतंकी पाकिस्तान के दो सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए लगातार गोपनीय जानकारियां सीमा पार भेज रहे थे और इन्हीं अकाउंट्स पर चैटिंग के जरिए उन्हें हमले के लिए निर्देश मिल रहे थे। ये आतंकी ओसामा बिन लादेन और मौलाना असीम उमर जैसे आतंकियों के जेहादी वीडियो दिखाकर युवाओं का ब्रेनवॉश करते थे। इस पूरे मॉड्यूल का सरगना मोहम्मद फैज था, जिसे दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। बेहद पढ़ा–लिखा फैज दिल्ली में एक फास्ट फूड चेन में मैनेजर के तौर पर काम कर रहा था। उसी ने बाकी तीनों आतंकियों को अपने साथ जोड़ा था। नोएडा से गिरफ्तार आतंकी जीशान अली एक मोबाइल शॉप पर काम करता है, जबकि गुजरात से पकड़े गए दोनों आतंकी सिलाई का काम करते थे।

इस बड़ी कार्रवाई के बाद गुजरात एटीएस अब दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और यूपी एटीएस के साथ संपर्क में है ताकि इस नेटवर्क की पूरी गहराई तक पहुंचा जा सके। एजेंसियों का मानना है कि 'ऑपरेशन सिंदूरझ् के बाद ये आतंकी दिल्ली, यूपी और गुजरात समेत कई जगहों पर सिलसिलेवार आतंकी हमले करने की फिराक में थे।

### भारत–ब्रिटेन में अब तक की सबसे बड़ी ऐतिहासिक डील

लंदन , भारत–ब्रिटेन व्यापार और आर्थिक संबंधों के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ब्रिटिश समकक्ष कीर स्टारमर ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए, जिससे वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार में लगभग 34 अरब डॉलर की वृद्धि होगी। इस ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते के तहत, भारत ब्रिटेन के 90 प्रतिशत उत्पादों पर शुल्क में कटौती करेगा, जबकि ब्रिटेन 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क कम करेगा, जिससे सभी क्षेत्रों में शुल्क सीमा और नियामक प्रक्रियाओं में बड़ी कमी आएगी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टारमर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत के साथ हमारा ऐतिहासिक व्यापार समझौता ब्रिटेन के लिए एक बड़ी जीत है। इससे पूरे ब्रिटेन में हजारों नौकरियां पैदा होंगी, व्यवसायों के लिए नए अवसर खुलेंगे और देश के हर कोने में विकास को गति मिलेगी।

**दोनों देशों को होगा ये फायदा**

भारत–ब्रिटेन में डील होने के बाद चमड़ा, जूते, ऑटोपार्ट, सीफूड, खिलौने और कपड़ों का रियायती दरों पर निर्यात संभव होगा, जिससे ये चीजें ब्रिटेन के लोगों को सस्ती मिलेगी। इसके साथ ही ब्रिटेन से आने वाले सामानों पर भी आयात सस्ता होगा, जिससे भारतीयों को सस्ते में सामान मिलेगा। इस समझौते से स्कॉच व्हिस्की, जिन, लग्जरी कारें, कॉस्मेटिक और चिकित्सा उपकरण जैसे आयातित सामान भारतीय उपभोक्ताओं के लिए और अधिक किफायती हो जाएंगे।

## कारोबारी अनिल अंबानी से जुड़ी कंपनियों पर ईडी ने की छापेमारी



मुंबई , मशहूर कारोबारी अनिल अंबानी की कंपनियों पर ईडी ने छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक ये छापेमारी मुंबई में की जा रही है। बता दें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने हाल ही में अनिल अंबानी को फ्रॉड घोषित किया था। ये कार्रवाई नेशनल हाउसिंग बैंक, सेबी, नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी , बैंक ऑफ बड़ौदा और सीबीआई की दो एफआईआर के आधार पर की गई। अनिल अंबानी से जुड़ी कंपनियों के कई वरिष्ठ अधिकारियों के परिसरों में भी तलाशी ली जा रही है। जानकारी के मुताबिक ईडी को जांच के दौरान इस बात के सबूत मिले हैं कि यह सार्वजनिक धन की हेराफेरी के लिए रची गई एक सुनियोजित साजिश थी। इसमें कई संस्थानों, बैंकों, शेयरधारकों और निवेशकों को ठगा गया। इसमें यस बैंक के प्रमोटर्स भी शक के घेरे में हैं। साल 2017 से 2019 के बीच यस बैंक से लिए गए करीब 3,000 करोड़ रुपये के ऋण की अवैध तरीके से हेराफेरी और दुरुपयोग का शक है। बता दें हाल ही में स्ब्ब्ह्र ने अनिल अंबानी को फ्रॉड घोषित किया था। इस महीने की शुरुआत में अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशन के लोन अकाउंट को बड़ा झटका मिला था। कंपनी को दिसंबर 2023, मार्च 2024 और सितंबर 2024 में कारण बताओ नोटिस भेजा था। कंपनी के जवाब की समीक्षा करने के बाद बैंक ने कहा था कि अनिल अंबानी की कंपनी ने अपने लोन की शर्तों का पालन नहीं किया और अपने अकाउंट्स के संचालन में अनियमितताओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं दी।

## जीवन रक्षक साबित हो रही है संजीवनी हेलीकॉप्टर इमरजेंसी मेडिकल सेवा

### – विभिन्न अभियानों के जरिए अब तक 60 से अधिक पीड़ितों को किया गया एयरलिफ्ट



देहरादून। उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य में आमजन को आपदा, आकस्मिक चिकित्सा या अन्य आपात परिस्थितियों में तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा एम्स ऋषिकेश में हेली एम्बुलेंस को 24 घंटे अलर्ट मोड में रखा गया है। अब तक इस सेवा के जरिए 60 से अधिक पीड़ितों को एयरलिफ्ट किया जा चुका है।

**जीवन रक्षक बनी हेलीकॉप्टर सेवा**

भारत की पहली निशुल्क हेली एम्बुलेंस (संजीवनी हेलीकॉप्टर इमरजेंसी मेडिकल सेवा) 29 अक्तूबर 2024 से एम्स ऋषिकेश के जरिए शुरु की गई है। उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य में यह सेवा जीवन रक्षक का काम कर रही है। खासकर सड़क दुर्घटना, चिकित्सा आपातकाल, भूस्खलन, बाढ़ जैसी स्थिति में यह सेवा बेहद कारगर साबित हुई है। कई बार गर्भवती महिलाओं को भी गंभीर परिस्थितियों में सुरक्षित डिलीवरी के लिए एयरलिफ्ट किया गया है। आंकड़ों के मुताबिक हेली एम्बुलेंस कुल 74 घंटे 12 मिनट की उड़ान के जरिए, अलग – अलग समय में 60 से अधिक पीड़ितों को एयरलिफ्ट कर जीवनदान प्रदान कर चुकी है। इसमें सड़क दुर्घटना के 23, 'गर्भावस्था आपात स्थिति के 18 और अन्य तरह की मेडिकल इमरजेंसी के 19 रोगी शामिल है। हेली एम्बुलेंस ने पांच नवंबर को हुई अल्मोड़ा बस दुर्घटना और एक मार्च 2025 को आए जोशीमठ हिमस्खलन के प्रभावितों को एयरलिफ्ट करने में अहम भूमिका निभाई।

**मुनस्यारी के लिए लिए भी किए थे प्रयास**

11 जुलाई 2025 को जनपद पिथौरागढ़ के मुनस्यारी क्षेत्र के धापा गांव से एक गंभीर चिकित्सा आपात स्थिति की सूचना मिली, जहाँ एक महिला एवं उनकी नातिन ने जंगली मशरूम का सेवन कर लिया था। स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के उपरांत डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत हल्द्वानी के उच्च चिकित्सा संस्थान में रेफर करने का निर्णय लिया।

### सरकारी बस खाई में गिरने से 5 की मौत–8 घायल, 20 से ज्यादा यात्री सवार थे

मंडी , हिमाचल के मंडी जिले के अधीन पड़ते सरकाघाट में आज सुबह हिमाचल पथ परिवहन निगम की एक बस खाई में गिर गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक इस हादसे में 5 यात्रियों की मौत हो गई है और 8 यात्री घायल बताए जा रहे हैं।वहीं घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सरकाघाट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह हादसा सरकाघाट–जमनी–दुर्गापुर सड़क पर मसेरन तालगरा के पास हुआ। स्थानीय प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुट गया है। निगम की बस सड़क से करीब 150 मीटर नीचे खाई में गिरी है। बताया जा रहा है कि बस में 20 से ज्यादा यात्री सवार थे। घायलों को पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस में अस्पताल पहुंचा रही है। अब तक हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## मानसून सत्र का चौथा दिन : बिहार एसआईआर मुद्दे पर विपक्ष का संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन



नई दिल्ली , मानसून सत्र के चौथा दिन की शुरुआत निचले सदन में भारी हंगामे के साथ हुई है। विपक्ष के सदस्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विषय पर चर्चा के लिए अड़ गए।

परिणामस्वरूप, लोकसभा की कार्यवाही लगातार बाधित रही। संसद में विपक्ष के हंगामे के कारण गुरुवार को प्रश्नकाल नहीं चल सका। स्पीकर ओम बिरला की तरफ से विपक्ष के सदस्यों को समझाने की कोशिश की गई। हंगामा बरकरार रहने पर लोकसभा स्पीकर ने कार्यवाही को स्थगित कर दिया। सदन की कार्यवाही स्थगित होने पर विपक्षी दलों के सदस्यों ने संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। बैनर–पोस्टर लेकर विपक्षी दलों के सदस्य संसद परिसर के मकर द्वार पर एकजुट हुए और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान एसआईआर मुद्दे पर नारेबाजी की गई।सोनिया गांधी भी इसमें शामिल हुईं।वहीं प्रियंका गांधी ने खतरे में लोकतंत्र लिखा पोस्टर लहराया।कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, जब भी विपक्षी नेता बोलना चाहते हैं, उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। हम चर्चा की मांग कर रहे हैं।एसआईआर मुद्दे पर कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा, हमारा मानना है कि अभी लड़ाई चल रही है और ये लड़ाई जारी रखनी चाहिए। कल तो चुनाव है नहीं तो हमें लगता है कि निश्चित रूप से चुनाव आयोग सच्चाई को स्वीकार करेगा और लोगों को मतदान करने से वंचित नहीं किया जाएगा...इसलिए अभी ये आंदोलन चलेगा।कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा, यह बहुत गंभीर मुद्दा है...चुनाव आयोग केवल भाजपा की सरकार बनाने के लिए काम कर रहा है।

## दिल्ली में बाढ़ का खतरा, यमुना उफान पर, पहाड़ों में भूस्खलन से तबाही, देश भर में भारी बारिश का अलर्ट



नई दिल्ली ,देश भर में मानसून ने रौद्र रूप ले लिया है, जिससे उत्तर से लेकर दक्षिण भारत तक जन–जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान पर बह रही है, तो वहीं पहाड़ी राज्यों हिमाचल और उत्तराखंड में मूसलाधार बारिश और भूस्खलन ने तबाही मचा रखी है। मुंबई समेत कई राज्यों में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं।

राजधानी दिल्ली पर बाढ़ का संकट मंडरा रहा है। यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ने से खतरे के निशान तक पहुँच गया है, जिसके चलते कई निचले इलाकों में पानी घुसना शुरू हो गया है। हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से और पानी छोड़े जाने की सूचना के बाद जलस्तर के और ऊपर जाने की आशंका है। इसे देखते हुए प्रशासन ने प्रभावित इलाकों में ऑरेंज और रेड अलर्ट जारी कर दिया है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है।

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से हालात बेकाबू हो गए हैं। जगह–जगह से भूस्खलन और बादल फटने की दर्दनाक खबरें आ रही हैं। हिमाचल में दो राष्ट्रीय राजमार्गों (ह॥) समेत कुल 385 सड़कें मलबे के कारण बंद हो गई हैं। मंडी में एनएच–70 (मंडी–कोटली मार्ग) और सिरमौर में एनएच–707 (हाटकोटी से पांवटा साहिब) कई जगहों पर भूस्खलन के कारण बाधित है। दोनों राज्यों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं और प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुटा है।

महाराष्ट्र की आर्थिक राजधानी मुंबई में भी भारी बारिश ने लोगों का हाल–बेहाल कर दिया है। सड़कों पर जलभराव के कारण यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए देश के कई हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। तटीय कर्नाटक, दक्षिण कोंकण, गोवा, दक्षिण छत्तीसगढ़, तेलंगाना और विदर्भ में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। वहीं, हरियाणा, पूर्वी राजस्थान, और केरल में भी हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना जताई गई है।

### कांवड़ के उत्साह में घर छोड़कर 12 बच्चे पहुंचे हरिद्वार

हरिद्वार। कांवड़ मेले के दौरान दूसरे राज्यों के 12 बच्चे भी घर से बिना बताए हरिद्वार पहुंच गए। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर काम कर रही चाइल्ड हेल्प लाइन की टीम ने सभी बच्चों को पकड़कर शेल्टर होम भेजा। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तीन बच्चों को परिजनों से मिलाया गया जबकि नौ बच्चे अभी भी शेल्टर होम रखे गए हैं। ये सभी बच्चे उत्तराखंड के रुद्रपुर, हरियाणा के जगाधरी, मध्यप्रदेश के उज्जैन, दिल्ली के राजौरी गार्डन, उत्तर प्रदेश के हरदोई, झांसी, अलीगढ़, महाराष्ट्र के मुंबई और बिहार के सिकरौल के रहने वाले हैं। चाइल्ड हेल्प लाइन की ओर से शेल्टर होम में रह रहे सभी नौ बच्चों के परिजनों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

## कबाड़ कारोबारी की हत्या, दुकान के बाहर मारी गई गोली



मुजफ्फरपुर ,बिहार के मुजफ्फरपुर सदर थाना क्षेत्र के मझौलिया में एक कबाड़ कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद इलाके में तनाव व्याप्त है। मृतक की पहचान कारोबारी मोहम्मद गुलाब (45) के तौर पर हुई है। बुधवार रात करीब 8 बजे अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया। अपराधियों ने उनके सिर, गर्दन और सीने में तीन गोलियां मारीं। बताया जा रहा है कि यह घटना तब हुई जब कारोबारी अपनी दुकान बंद कर स्कूटी पर बैठ रहे थे।

इलाके में हुए इस वारदात के बाद मौके पर भारी संख्या में स्थानीय लोग पहुंचे। आनन–फानन में गुलाब को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने सड़क जाम कर दिया और आरोपी पंचायत समिति सदस्य तुफैल अहमद के घर पर हमला बोलकर दो कारों और एक बाइक में आग लगा दी। भीड़ ने तुफैल के घर में भी आग लगाने की कोशिश की। इधर, मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति बेकाबू होते देख हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के आश्वासन पर जाम को समाप्त कराया गया।

## सम्पादकीय

### संजीवनी बन रही हेली एंबुलेंस

किसी भी राज्य के लिए अपनी नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। खास तौर से जब बात पहाड़ी राज्यों की हो तो साल सुविधाओं को सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक पहुंचना एक बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। अक्सर पहाड़ों में आपातकालीन स्थिति के दौरान मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं होते जिस कारण अक्सर या तो मरीजों की जान चली जाती है या फिर उन्हें जैसे तैसे विलंब से अस्पताल पहुंचाया जाता है। मुख्य तौर पर गर्भवती महिलाओं के लिए यह एक बड़ी समस्या है और इसी को देखते हुए राज्य सरकार ने ऐसी आपात स्थिति के लिए हेली एंबुलेंस सेवा की सुविधा नागरिकों को देने की कोशिश की है। हालांकि अभी यह सेवा नियमित तौर पर उपलब्ध कराने में राज्य सरकार को लंबी दूरी तय करनी है लेकिन जितने भी प्रयास अब तक आपात स्थिति में किए गए हैं उसे एक अच्छी पहल माना जा सकता है। सरकार के प्रयासों से हेलीकॉप्टर इमरजेंसी मेडिकल सेवा जीवन रक्षक साबित हो रही है। विभिन्न अभियानों के जरिए अब तक 60 से अधिक पीड़ितों को एयरलिफ्ट किया गया। नागरिकों की सुविधा के लिए आपदा, आकस्मिक चिकित्सा या अन्य आपात परिस्थितियों में तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा एम्स ऋषिकेश में हेली एम्बुलेंस को 24 घंटे अलर्ट मोड में रखा गया है। इसे प्रारंभिक उपलब्धि ही कहा जाएगा की अब तक इस सेवा के जरिए 60 से अधिक पीड़ितों को एयरलिफ्ट किया जा चुका है। पिछले वर्ष अक्टूबर में लगभग 9 माह पूर्व शुरू की गई भारत की पहली निशुल्क हेली एम्बुलेंस (संजीवनी हेलीकॉप्टर इमरजेंसी मेडिकल सेवा) को हर स्थिति में लाभार्थियों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। खासकर सड़क दुर्घटना, चिकित्सा आपातकाल, भूस्खलन, बाढ़ जैसी स्थिति में यह सेवा बेहद कारगर साबित हुई है। कई बार गर्भवती महिलाओं को भी गंभीर परिस्थितियों में सुरक्षित डिलीवरी के लिए एयरलिफ्ट किया गया है। आंकड़ों के मुताबिक हेली एम्बुलेंस कुल 74 घंटे 12 मिनट की उड़ान के जरिए, अलग – अलग समय में 60 से अधिक पीड़ितों को एयरलिफ्ट कर जीवनदान प्रदान कर चुकी है। इसमें सड़क दुर्घटना के 23" गर्भावस्था आपात स्थिति के 18 और अन्य तरह की मेडिकल इमरजेंसी के 19 रोगी शामिल है। हेली एम्बुलेंस ने पिछले साल नवंबर में अल्मोड़ा बस दुर्घटना और एक मार्च 2025 को आए जोशीमठ हिमस्खलन के प्रभावितों को एयरलिफ्ट करने में अहम भूमिका निभाई। पिथौरागढ़ में भी एक परिवार द्वारा जहरीली मशरूम खाने के बाद हेली सेवा से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। हालांकि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पूरी तरह से मौसम पर निर्भर रहना पड़ता है तथा राज्य सरकारों को सुदूरवर्ती क्षेत्र में हाईटेक स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था भी करनी चाहिए ताकि मरीज को हायर सेंटर रेफर करने तक समुचित उपचार उपलब्ध कराया जा सके। यही कारण है कि उत्तराखंड की विषम परिस्थितियों को देखते हुए ही एम्स ऋषिकेश के सहयोग से हेलीकॉप्टर एम्बुलेंस सेवा शुरु की गई है। इस तरह की सेवा देने वाला उत्तराखंड देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। हेली एंबुलेंस सेवा को विदेशों में अनिवार्य एवं प्राथमिकता पर रखा जाता है लेकिन हमारे देश में अभी भी यह सुविधा एक खास तबके तक के लिए ही सीमित है, लेकिन उत्तराखंड सरकार ने इसे आम नागरिकों तक पहुंच कर एक मिसाल कायम की है।

# नीति आयोग की मानव पूँजी से संबंधित क्रांति

भारत के युवाओं को 21वीं सदी के लिए कुशल बनाना इसके मिशन का एक और आधार रहा है। कौशल भारत मिशन को समर्थन देने से लेकर आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से वंचित जिलों के महत्व पूर्ण भाग तक व्यावसायिक कार्यक्रमों की पहुँच सुनिश्चित करने तक, नीति आयोग ने कक्षा और करियर के बीच की खाई को पाटने में मदद की है। कौशल भारत मिशन के तहत, 1.5 करोड़ से ज़्यादा युवाओं को तकनीक, उद्योग संबंधों और माँग–आधारित पाठ्यक्रमों के सम्मिश्रण वाली पहलों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। इसने महज प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ही प्रशिक्षण नहीं दिया–अपितु इसने क्षेत्रीय ज़रूरतों का आकलन किया और भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों ही तरह के युवाओं के लिए वास्तविक आर्थिक संभावनाओं के द्वार खोलने वाले कार्यक्रम तैयार किए।

**राव इंद्रजीत सिंह द्वारा**

भारत जैसे विशाल और वैविध्यैपूर्ण देश में प्रगति का वास्तसविक पैमाना केवल जीडीपी के आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे की उपलब्धियों में नहीं, बल्कि इस बात में निहित है कि वह देश अपनी जनता का कितने बेहतर ढंग से पोषण करता है। मानव पूँजी–हमारी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और उत्पादकता–केवल एक आर्थिक संपत्ति ही नहीं, बल्कि नैतिक अनिवार्यता भी है। पिछले दस वर्षों में, भारत के प्रमुख नीतिगत थिंक टैंक–नीति आयोग के नेतृत्व में एक शांत लेकिन प्रभावशाली क्रांति ने आकार लिया है, जिसने देश द्वारा अपने सबसे महत्वतपूर्ण संसाधन, यानी अपने नागरिकों, में निवेश करने के तरीके को नए आकार में ढाला है।

एक ऐसे देश में जहाँ 65 प्रतिशत से ज़्यादा आबादी 35 साल से कम उम्र वाले लोगों की है, तो वह जनसांख्यिकीय लाभांश बेहद दुर्लभ अवसर प्रस्तुत करता है। लेकिन इस युवा आबादी का विशाल आकार अपने साथ एक बड़ी ज़िम्मेदारी भी लेकर आता है। प्रमुख चुनौती इस युवा ऊर्जा को आर्थिक विकास और राष्ट्रीय विकास की शक्ति में रूपांतरित करना है। यहीं पर नीति आयोग एक दूरदर्शी उत्प्रेरक के रूप में उभरा है – जो न केवल आज की प्रगति, बल्कि भविष्य की समृद्धि का भी रोडमैप तैयार कर रहा है।

पिछले एक दशक में, नीति आयोग एक थिंक टैंक से एक सुधारवादी साधन और कार्यान्वयन भागीदार के रूप में विकसित हुआ है, जो आँकड़ों, सहयोग और मानव–केंद्रित डिज़ाइन द्वारा समर्थित साहसिक विचारों के लिए जाना जाता है। इसने नीति–निर्माण को एक शीर्ष–स्तरीय प्रक्रिया से राज्यों, निजी क्षेत्र, वैश्विक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के साथ सह–निर्माण की गतिशील प्रक्रिया में बदल दिया है। इसकी ताकत केवल योजना बनाने में ही नहीं, बल्कि संज्ञान लेने और उन अवधारणाओं को अमली जामा पहनाने में भी निहित है।

इसके मार्गदर्शन में मानव पूँजी की आधारशिला–शिक्षा की पूर्णतया नए सिरे से परिकल्परना की गई है। नीति आयोग ने इस बात को स्वीकार करते हुए कि केवल पहुँच ही पर्याप्त नहीं होती, गुणवत्ता और न्या यसंगतता पर ज़ोर दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, जहाँ नीति आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही, ने – रटंत शिक्षा से आलोचनात्मक चिंतन, लचीलेपन और व्यावसायिक एकीकरण का रुख करते हुए एक नए युग का सूत्रपात किया। इसने प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षण और विषयों के बीच निर्बाध परिवर्तन पर ज़ोर दिया। इसने देश भर में मौजूद 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स में नवाचार को समाहित करते हुए अटल नवाचार मिशन जैसी पहलों के माध्यम से जवाबदेही और कल्पनाशीलता दोनों को सुनिश्चित किया।

भारत के युवाओं को 21वीं सदी के लिए कुशल बनाना इसके मिशन का एक और आधार रहा है। कौशल भारत मिशन को समर्थन देने से लेकर आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से वंचित जिलों के महत्व पूर्ण भाग तक व्यावसायिक कार्यक्रमों की पहुँच सुनिश्चित करने तक, नीति आयोग ने कक्षा और करियर के बीच की खाई को पाटने में मदद की है। कौशल भारत मिशन के तहत, 1.5 करोड़ से ज़्यादा युवाओं को तकनीक, उद्योग संबंधों और माँग–आधारित पाठ्यक्रमों के सम्मिश्रण वाली पहलों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। इसने महज प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ही प्रशिक्षण नहीं दिया–अपितु इसने क्षेत्रीय ज़रूरतों का आकलन किया और भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों ही तरह के युवाओं के लिए वास्तविक आर्थिक संभावनाओं के द्वार खोलने वाले कार्यक्रम तैयार किए।

इसके साथ ही साथ, इसने गतिशील, समावेशी श्रम बाज़ार का समर्थन किया। इसने 44 केंद्रीय श्रम कानूनों को–मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंध और व्यावसायिक सुरक्षा से संबंधित चार सरलीकृत संहिताओं में युक्तिसंगत बनाने में सहायता प्रदान की। इन सुधारों ने नियोक्ता के लचीलेपन को श्रमिक सुरक्षा के साथ संतुलित किया, जिससे विशेष रूप से अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों को लाभ हुआ, जो भारत के कार्यबल का बहुसंख्यक हिस्सा हैं। अनुपालन को सरल बनाकर और औपचारिकता को प्रोत्साहित करके कार्यस्थल केवल अधिक उत्पादक ही नहीं, बल्कि अधिक मानवीय भी बना।अक्सर लागत के रूप में देखी जाने वाली स्वास्थ्य सेवा को निवेश के रूप में नए सिरे से परिभाषित किया गया। नीति आयोग ने प्रतिक्रियात्मक उपचार से अग्रसक्रिय स्वाास्थ्या का रुख किए जाने को मूर्त रूप प्रदान करने में मदद की। नीति आयोग द्वारा समर्थित और निरीक्षित प्रमुख आयुष्मान भारत योजना ने 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया, जबकि 1.5 लाख से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों ने प्राथमिक देखभाल को जमीनी स्तर तक पहुँचाया। कार्यक्रमों ने पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और गैर–संचारी रोगों को लक्षित किया–जिनका उद्देश्य केवल बीमारों का उपचार करना ही नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ रखना भी था। कोविड–19 महामारी ने भारत की स्वास्थ्य प्रणाली की मजबूती की अभूतपूर्व परीक्षा ली। नीति आयोग ने संकट की इस घड़ी का बड़ी दृढ़ता और विश्वातस से सामना करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर के साथ मिलकर संक्रमण के पैटर्न का मॉडल तैयार किया, न्याकयसंगत चिकित्सा संसाधनों का आवंटन सुनिश्चित किया और टेलीमेडिसिन के लिए ई–संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म शुरू किए। महामारी के बाद के इसके विजन ने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन संवर्गों और आधुनिक डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे पर ज़ोर देते हुए केवल रिकवरी पर ही पहीं, बल्कि तत्परता पर भी ज़ोर दिया।

इन क्षेत्रों से परे, नीति आयोग उद्यमिता और नवाचार के लिए प्रकाश स्तंभ रहा है। स्टार्ट–अप इंडिया, स्टैंड–अप इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन जैसे कार्यक्रमों ने विचारों के फलने–फूलने के लिए उपजाऊ इकोसिस्टवम तैयार किया है। महत्वपूर्ण चरणों में नीतिगत समर्थन, इनक्यूबेशन और मार्गदर्शन मिलने की वजह से फिनटेक, एडटेक, एग्रोटेक, हेल्थटेक और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में हजारों स्टार्ट–अप आज फल–फूल रहे हैं। ये व्यवसाय मात्र ही नहीं हैं; बल्कि ये रोजगार सृजनकर्ता और समस्या का समाधान करने वाले भी हैं, जो एक सुदृढ़ और आत्मनिर्भर भारत में योगदान दे रहे हैं।

लेकिन संभवतः इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि इसके द्वारा साक्ष्य–आधारित नीति–निर्माण की संस्कृति को संस्थागत रूप दिया जाना रही है। इसने विशाल आँकड़ों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रीयल–टाइम डैशबोर्ड और कठोर निगरानी ढाँचों का लाभ उठाकर नीतियों का अनुकूल, जवाबदेह और ज़मीनी हक़ीक़तों के अनुरूप बना रहना सुनिश्चित किया है। चाहे भारत का पहला एसडीजी सूचकांक जारी करना हो, कार्य निष्पाकदन के मानकों पर राज्यों को मार्गदर्शन देना हो, या नीति निर्माण के लिए व्यवहारिक अंतर्दृष्टि का उपयोग करना हो, नीति आयोग ने वैज्ञानिक चिंतन को शासन के केंद्र में ला दिया है।

विभिन्न मंत्रालयों और क्षेत्रों में संयोजन और समन्वय स्थापित करने की इसकी क्षमता ने इसे एक परामर्शदायी निकाय से कहीं अधिक बना दिया है–यह विकास के अंतःकरण का रक्षक बन गया है। इसने कार्य निष्पाकदन –आधारित रैंकिंग के माध्यम से राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित किया, हाशिये पर पड़े लोगों की आवाज़ बुलंद करने के लिए सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर काम किया और सवोत्तम प्रथाओं को देश में लाने के लिए वैश्विक साझेदारों के साथ सहभागिता की। वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत का बढ़ता कद और संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक और यूनेस्को जैसी संस्थाओं से मिली प्रशंसा इस प्रयास के प्रति दुनिया के सम्मौन को दर्शाती है।नीति आयोग ने केवल लक्ष्य हासिल करने से कहीं बढ़कर, टिकाऊ, समावेशी और भविष्य के अनुरूप प्रणालियाँ बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। सतत विकास लक्ष्यों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता –स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन से लेकर हरित गतिशीलता तक, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना से लेकर कार्यस्थलों में महिला–पुरुष समानता तक– हर पहल में स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है।

ज्ञान अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदय अब कोई दूर का सपना नहीं रह गया है–यह जनता को राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति मानने वाली नीतियों के जरिए संचालित एक प्रगतिशील कार्य बन चुका है। नीति आयोग ने विकास के इर्द–गिर्द के विमर्श को ऊपर उठाते हुए हमें याद दिलाया है कि सच्ची प्रगति गगनचुम्बी इमारतों या सबसे बड़े कारखानों से नहीं, बल्कि जनता की ताकत, स्वास्थ्य और गरिमा से मापी जाती है। ऐसा करके, यह महज एक थिंक टैंक से कहीं बढ़कर बन गया है। यह युवा, महत्वाकांक्षी भारत–एक ऐसे भारत की धड़कन बन गया है जो सपने देखता है, हिम्मत करता है और कर्म करता है। और इस कहानी के केंद्र में वह शांत विश्वास है कि जब आप लोगों में निवेश करते हैं, तो आप केवल एक बेहतर अर्थव्यवस्था का ही नहीं, बल्कि एक बेहतर राष्ट्र का भी निर्माण करते हैं।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ का त्यागपत्र आखिर क्यों

**अजय दीक्षित**



केंद्रीय सरकार और उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ के बीच इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज शेखर को लेकर उत्पन्न विवाद को लेकर 75 वर्षीय भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ विगत दिवस अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राजस्थान के झुंझनू जिले से आने वाले जगदीप धनकड़ का लंबा संसदीय जीवन रहा है।वे इस दौरान विधानसभा सदस्य, लोकसभा सदस्य, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री, पश्चिमी बंगाल के राज्यपाल, और 2022 से भारत के उपराष्ट्रपति पद आसीन थे। पेशे से वकील जगदीप धनकड़ ने जिला न्यायालय, राजस्थान हाइकोर्ट, और सवोच्च न्यायालय में वकालत भी की । उन्होंने अपनी राजनीति एक समाजवादी नेता के तौर पर लोकदल से की। जाट परिवार में जन्मे जगदीप धनकड़ किसान नेता थे।बाद में वे भारतीय जनता पार्टी से जुड़े और तमाम संवैधानिक पदों पर रहे ।

जगदीप धनकड़ ने अपने त्यागपत्र में कहा कि वह अपने स्वास्थ्य कारणों से पद छोड़ रहे हैं। लेकिन उनके त्यागपत्र ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अब क्या कारण रहे कि उनको त्यागपत्र देना पड़ा है। लेकिन जब तक वे ही कुछ नहीं कहते तब तक तो स्वास्थ्य ही कारण माना जाएगा।हालांकि 21 जुलाई शाम छह बजे तक उन्होंने सांसदों के साथ मीटिंग की है और उसके बाद अचानक त्याग पत्र लिख राष्ट्रपति से मिले और घर चले गए। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरण जिजउ, केंदीय मंत्री पहलाद जोशी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनसे मुलाकात की। लेकिन कोई सार्थक संकेत निकल कर नहीं आया बताया जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संपर्क किया है। बताया जाता है कोई बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग थी जिसमें जेपी नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरण जिजउ को जाना था और वे गए नहीं । लेकिन इतना भर उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा का कारण नहीं हो सकता कोई भीतर खाने की बात है जो कल चिंगारी बनी । सरल और विनोदी स्वभाव के जगदीप धनकड़ ने पहले पश्चिमी बंगाल में ममता बनर्जी से लोहा लिया और तीन साल से राज्यसभा में कांग्रेस से लोहा ले रहे थे।अभी बीच में तो कांग्रेस ने उन्हें हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव भी दे दिया था हालांकि उससे ने हटते नहीं लेकिन कड़वाहट न आए इस लिए उन्होंने खुद राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से बातचीत की । हां जस्टिस वर्मा से बहुत नाराज थे क्योंकि उनके घर जले हुए नोट मिले थे।

## भारत में गुरुओं के मेले में मक्खियों की तरह चेले शक्कर, भीड़मभाड़, अव्यवस्था

**अजय दीक्षित**

देश में गुरुओं के मेले लगे , भयानक अव्यवस्था, भीड़मभाड़, सड़कों पर दर्जनों किलोमीटर के जाम, दुर्घटनाएं लेकिन परेशानियों पर आस्था भारी,यही है आज की भारत की तस्वीर। हालांकि धर्म की आलोचना हमेशा मुश्किल है और मुश्किल में डालती है विशेषकर आज की लोकतान्त्रिक व्यवस्था में ओर भी कठिन है। क्योंकि आबादी का दबाव इस कदर है कि कोई भी व्यवस्था असफल हो सकती है। सीहोर के पास कुबेश्वर में 5 लाख, धूनी वाले बाबा के आश्रम में तीन लाख,मुरैना के नजदीक करह आश्रम में पांच लाख, और दर्जनों किलोमीटर सड़क पर जाम , हजारों राहगीर वाहन,मरीज,परेशान फिर भी आस्था भारी।

धर्म और गुरुओं का चोली दामन का साथ है। सनातन धर्म में गुरुओं और ऋषियों की महान परम्परा रही है।भगवान श्री राम के गुरु ऋषि विश्वामित्र जी, कृपाचार्य,गुरु द्रोण, ऋषि परशुराम आदि का उल्लेख सनातन धर्म में त्रेता, द्वापर युग में है । भगवान श्री कृष्ण सांदीपनी आश्रम में गुरु के पास शिक्षा ग्रहण करने गए थे ऐसा शास्त्र बचन है। लेकिन विगत 25 वर्षों से जो गुरुओं की महिमा मंडित हुई है वह सनातन धर्म की परंपरा के अनुरूप नहीं कही जा सकती है। बागेश्वर धाम छतरपुर विगत रात एक दीवार गिरने से एक श्रद्धालु की मौत हो गई और 11 घायल हैं।अभी हाल ही में सीहोर पंडित प्रदीप मिश्रा के आश्रम में भगदड़ मच गई। आखिर यह सब किस लिए हो रहा है। गुरुओं के आश्रम में व्यक्ति दो कारणों से जाता था एक शिक्षा ग्रहण करने या तनाव से मुक्ति के लिए मन शांति हेतु।मगर इस भागम भाग के दौर में किसी को क्या हासिल होगा यह समझ से परे है।

# सन ऑफ सरदार 2 का नया ट्रेलर जारी



बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन की फिल्म सन ऑफ सरदार 2 का दूजा ट्रेलर रिलीज हो गया है. मतलब दूसरा ट्रेलर. जिसमें एक बार फिर फिर हंसी का तगड़ा डोज देखने को मिला है. बता दें ये फिल्म सिनेमाघरों में 1 अगस्त को आने वाली है. इसका पहला पार्ट 2012 में रिलीज हुई थी. अब संजय दत्त को रवि किशन ने रिप्लेस किया है और नया अंदाज देखने को मिलेगा. एक बार फिर सरदार जस्सी की कहानी इस ट्रेलर में दिखाती है. जहां उसकी नई नई मुसीबतें हंसने पर दर्शकों को मजबूर करती है. जस्सी की जिंदगी में दिक्कतें भी कम नहीं है लेकिन इस परेशानियों को मेकर्स ने कॉमेडी का तड़का लगाकर जबरदस्त बना दिया है.

सन ऑफ सरदार 2 का ट्रेलर इस बात को दिखाता है कि एक सरदार कितनी भी मुसीबत में पड़ जाए लेकिन जब वह खड़ा होता है तो वह सब पर भारी पड़ता है. सबसे मजेदार तो दीपक डोबरियाल हैं जो महिला के किरदार में दिख रहे हैं. उन्हें तो पहचान पाना भी मुश्किल हो गया है. इस ट्रेलर को देखते ही फैंस भी जबरदस्त रिएक्ट करने लगे. कुछ ने इसे अभी से हिट तो कुछ ने इसे सुपरहिट बताया. वहीं रवि किशन के सरदार लुक की भी तारीफ हो रही है. सन ऑफ सरदार 2 का पहला ट्रेलर 14 जुलाई को जारी किया गया, जिसमें अजय देवगन, रवि किशन, विधु विनोद चोपड़ा, संजय मिश्रा से लेकर मृणाल ठाकुर और कुब्रा सैत समेत तमाम सितारे नजर आ रहे हैं.

## सात्विक–चिराग ने शानदार जीत से बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह, एचएस प्रणय हुए बाहर

नई दिल्ली, चाइना ओपन 2025 से भारत के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है. आज यानी 24 जुलाई को बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट चाइना ओपन 2025 के मेंस डबल्स में भारत को शानदार जीत मिली. इस जीत के साथ भारतीय जोड़ी सात्विक–चिराग ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है.भारत की 12वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का मुंकाबला राउंड ऑफ–16 यानी प्री–क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया की 10वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी लियो रोली कार्नांडो और बगास मौलाना के साथ हुआ. इस मैच में भारतीय शटलर्स ने सीधे सेटों में जीत हासिल कर ली. सात्विक–चिराग ने पहले सेट में कार्नांडो–मौलाना को 21–19 से हराया और दूसरे सेट में भी इसी स्कोर लाइन के साथ जीत दर्ज कर ली. इस शानदार जीत के साथ भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है. इससे पहले राउंड ऑफ–32 में भारतीय जोड़ी का मुकाबला जापानी जोड़ी केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा के साथ हुआ, जहां भारीतय जोड़ी ने सीधे गेम में 21–13, 21–9 से हराकर प्री–क्वार्टर फाइनल यानी राउंडर ऑफ–16 में जगह बनाई थी.

# दिव्या देशमुख ने महिला चेस विश्व कप में रचा इतिहास

## –फाइनल में पहुंचने वाली बनी पहली भारतीय खिलाड़ी



नईदिल्ली, पहली बार महिला चेस विश्व कप में हिस्सा ले रही नागपुर की दिव्या देशमुख ने इतिहास रच दिया है. वो जॉर्जिया में जारी महिला चेस विश्व कप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं. उन्होंने सेमीफाइनल के दूसरे गेम में चीन की पूर्व विश्व चैंपियन झोंगयी टैन को 1.5–0.5 से हराकर ये उपलब्धि हासिल की. यह एक लंबी और उतार–चढ़ाव भरी लड़ाई थी जो 101 चालों तक चली.

इस जीत के साथ दिव्या प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला भी बन गई हैं. ये टूर्नामेंट अगले साल खेला जाएगा, जिससे मौजूदा महिला विश्व चैंपियन वेनजुन जू के प्रतिद्वंदी का फैसला होगा. दिव्या ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त झोंगसू झू और फिर साथी भारतीय ग्रैंडमास्टर डी हरिका को हराया था.

दूसरे सेमीफाइनल में, आंध्र प्रदेश की ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त टिंगजी लेई के खिलाफ ड्रॉ खेला. ये मैच 75 चालों के बाद भी बराबरी पर समाप्त हुआ. हम्पी अब लेई से टाई–ब्रेकर में भिड़ेगी जिससे दूसरे फाइनलिस्ट का फैसला होगा. फाइनल मैच 28 जुलाई को खेला जाएगा.दिव्या देशमुख का जन्म 9 दिसंबर 2005 को नागपुर में हुआ. दिव्या को शतरंज खेलने का शौक बचपन से ही थी इसलिए वो 5 साल की उम्र से शतरंज खेलना शुरू कर दिया था. दिव्या के माता पिता दोनों डॉक्टर हैं. उन्होंने अपने बेटी का हर मोड़ पर साथ दिया, जिसकी वजह से आज दिव्या देश का नाम रोशन कर रही है. दिव्या ने महज सात साल की उम्र में 2012 में अंडर–7 नेशनल चैंपियनशिप जीती थी. उसके बाद से दिव्या ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और कई खिताब अपने नाम करती चली गई. उनकी कामयाबी ने उन्हें 2021 में महिला ग्रैंडमास्टर बना दिया, और वो ये उपलब्धि हासिल करने वली 22वीं महिला खिलाड़ी बन गईं. उसके बाद दिव्या ने 2023 में इंटरनेशनल मास्टर का खिताब भी प्राप्त कर लिया.

# अमेजन प्राइम वीडियो ने किया नए टॉक शो का ऐलान



प्राइम वीडियो ने आज अपने अपकमिंग ओरिजिनल टॉक शो टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल के प्रोडक्शन की शुरुआत का ऐलान कर दिया है। इस शो की होस्ट और हेड काजोल और ट्विंकल खन्ना हैं, जो अपने दमदार और दिलचस्प अंदाज के लिए जानी जाती हैं। ये बोल्ड, बेबाक और मजेदार टॉक शो जल्द ही प्रीमियर होगा, जिसे बनिजेय एशिया प्रोड्यूस कर रहा है। बॉलीवुड के बड़े सितारों और इंडस्ट्री की नामचीन हस्तियों से सजी गेस्ट लिस्ट के साथ टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल एक ऐसा टॉक शो बनने जा रहा है, जो सबसे ग्लैमरस रेड कार्पेट को भी पीछे छोड़ देगा। यह शो बोल्ड, शानदार और बिना किसी झिझक के बिल्कुल अनफिल्टर्ड अंदाज में आपके सामने होगा, जिसमें दोनों होस्ट्स की जबरदस्त एनर्जी के साथ आपको सबसे दिलचस्प मुद्दों पर उनका बेबाक नजरिया देखने को मिलेगा।

प्राइम वीडियो इंडिया के डायरेक्टर और हेड ऑफ ओरिजिनल्स निखिल माधोक ने कहा, हम टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर वर्ल्डवाइड 100 करोड़ी क्लब में शामिल सैयारा

मोहित सूरी की म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा सैयारा की दीवानगी लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है. यह फिल्म 18 जुलाई को रिलीज हुई और पहले दिन ही बॉक्स ऑफिस पर छा गई. वहीं, पहले वीकेंड पर इसने इतिहास रच दिया है. जी हां, इस रोमांटिक फिल्म ने 3 दिनों में दुनियाभर में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. इस तरह सैयारा ने भारत में किसी रोमांटिक फिल्म के लिए सबसे बड़े ओपनिंग वीकेंड के साथ इतिहास रच दिया है. अहान पांडे–अनीत पड्डा की फिल्म ने इसके अलावा भी कई उपलब्धियां हासिल की हैं. निर्देशक मोहित सूरी की सैयारा ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. अहान पांडे और अनीत पड्डा की यह डेब्यू फिल्म अब सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन गई है. सोमवार, 21 जुलाई को यशराज फिल्म्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर सैयारा का वर्ल्डवाइड कलेक्शन रिपोर्ट साझा किया है.

# ऋषभ पंत ने रचा इतिहास, टेस्ट में ये कारनामा करने वाले बने दुनिया के पहले विकेटकीपर बल्लेबाज



मैनचेस्टर,भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज और टेस्ट टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत इंग्लैंड दौरे पर शानदार फॉर्म में चल रहे हैं. वो अब तक इस सीरीज में 462 रन बना चुके हैं, जो सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर हैं. पहले स्थान पर 619 रनों के साथ कप्तान शुभमन गिल हैं, जबकि तीसरे नंबर पर केएल राहुल 421 रन बना कर खड़े हैं. भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज का चौथा मैच 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू हो गया है. जहां भारत टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी कर रहा है. पहले दिन का खेल समाप्त होने पर टीम इंडिया ने 4 विकेट खोकर 264 रन बना लिए हैं. रवींद्र जडेजा और शार्दुल ठाकुर 19–19 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं.

पहले दिन के खेल में सबसे बड़ा मोड़ उस समय आया जब टीम इंडिया के उपकप्तान ऋषभ पंत चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए. उस समय वो 37 रनों पर बल्लेबाजी कर रहे थे. क्रिस वोक्स की तेज गेंद को रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में पंत खुद को चोटिल कर बैठे. अब वो दोबारा भारत के लिए बल्लेबाजी कर पाएंगे या नहीं ये सबसे बड़ा प्रशन बना हुआ है, लेकिन उससे पहले पंत ने दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं.

इस मैच से पहले ऋषभ पंत विदेशी धरती पर बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज 1000 रन बनाने से केवल 19 रन दूर थे.

## एक नजर

### नलकूप खराब, पानी को तरसे ग्रामीण

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : नगर निगम के अंतर्गत दुर्गापुरी क्षेत्र के जोशी मार्ग, मंदिर मार्ग व बिष्ट कालोनी को पेयजल आपूर्ति करने वाले नलकूप संख्या 30 की मोटर जल जाने के कारण स्थानीय लोग पेयजल के लिए तरस रहे हैं, हालत यह है कि पेयजल के लिए उन्हें अन्यत्र जाना पड़ रहा है। वहीं जल संस्थान की ओर से टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, पर यह नाकाफी साबित हो रहा है। गुरुवार को यह जानकारी देते हुए स्थानीय निवासी अनिल कुमार, भैरव जोशी, संजय रावत, अनिरुद्ध नेगी, बसंती रावत, लक्ष्मी नेगी आदि ने बताया कि लगभग तीन दिन पहले नलकूप की मोटर जल गई थी, इस कारण उनके समक्ष पेयजल संकट खड़ा हो गया है। हालांकि संस्थान की ओर से टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, लेकिन लगभग डेढ़ से दो हजार की आबादी के लिए यह नाकाफी साबित हो रहा है। मौके पर उन्होंने अधिकारियों से नलकूप की मोटर को शीघ्र ठीक करने की मांग की। वहीं इस संबध में नलकूप उपखंड के सहायक अभियंता अनिल नेगी ने बताया कि नलकूप की मोटर को सही करने का कार्य आरंभ कर दिया गया है। अगले एक दो दिन में मोटर के ठीक होने पर पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जायेगी।

### जिम कार्बेट के जन्म दिन पर दिखाई जाएगी फिल्म

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जिम कार्बेट नेशनल पार्क के संस्थापक जेम्स कार्बेट (जिम कार्बेट) के जन्म दिवस पर कार्बेट रिसेप्शन सेंटर में आमजन को उनके जीवन पर आधारित फिल्म दिखाई जाएगी। कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभाग की उप प्रभागीय वनाधिकारी शिप्रा वर्मा ने बताया कि रिसेप्शन सेंटर में पूर्वाह्न 11 बजे से मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चे फिल्म देखेंगे। उसके उपरांत दोपहर बारह बजे से शाम छह बजे तक आमजन को यह फिल्म दिखाई जाएगी। बताया कि फिल्म के माध्यम से आमजन को जिम कार्बेट के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### पंचायत चुनाव : दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार हुआ तेज

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के तहत दूसरे चरण का मतदान 28 जुलाई को होगा। इसको लेकर संबंधित क्षेत्रों में चुनावी गतिविधियां जोर पकड़ने लगी हैं। प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान को और तेज करते हुए घर-र दस्तक दे रहे हैं और मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कोशिशों में जुटे हैं। कोट ब्लॉक के धौलकंडी जिला पंचायत सीट से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी रचना बुटोला ने अपने समर्थकों के साथ रैली निकालते हुए जनसंपर्क किया और कही स्थानों पर जनसभाएं भी। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमल किशोर रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती सुषमा रावत ने प्रत्याक्षी को जीतने के लिए जनता से वोट देने की अपील की। दूसरे चरण में जनपद के पौड़ी, कोट, कल्जीखाल, दुगड्डा, जयहरीखाल, द्वारीखाल और यमकेश्वर ब्लॉक में मतदान होगा। इन ब्लॉकों में चुनावी माहौल अब पूरी तरह गरमा चुका है। प्रत्याशी सुबह से लेकर देर शाम तक गांव-गांव जाकर लोगों से समर्थन की अपील कर रहे हैं।

### भाजपा ने शुरू की रक्षाबंधन कार्यक्रम की तैयारी

श्रीनगर गढ़वाल : रक्षाबंधन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गुरुवार को श्रीनगर मंडल महिला मोर्चा के साथ मंडल कार्यालय में बैठक की। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह ने कहा कि वह रक्षाबंधन के कार्यक्रम को हर वर्ष की भांति श्रीनगर में मनाने जा रहे हैं। कहा कि मातृशक्ति के सहयोग से ही भारतीय जनता पार्टी संगठन और सरकार आज देश एवं प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही है। बताया कि श्रीनगर मंडल में रक्षाबंधन सप्ताह कार्यक्रम के तहत वह मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को धूमधाम से मनाया जायेगा। इस मौके पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष उषा कंडारी, आशा उपाध्याय, अल्पसंख्यक मोर्चा की जिलाध्यक्ष नगमा तौफीक, पार्षद सुनीता गैरोला, मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### 11 ग्राम पंचायतों को जल्द मिलेगी पेयजल योजना की सौगात

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के चौरास क्षेत्र की 11 ग्राम पंचायतों के लिए जल्द ही पेयजल योजना की सौगात मिलने वाली है। 37 करोड़ 16 लाख 58 हजार रुपये की लागत से बनी मढ़ी चौरास-जाखणी ग्राम समूह पंपिंग पेयजल योजना की गुरुवार को टेस्टिंग की गई, जो कि सफलता पूर्वक रही, हालांकि अभी पेयजल योजना का फिल्टर प्लांट का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में है।

# धूमधाम से मनाया गया हरियाली तीज उत्सव





**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कड़क पहाड़ी खेल प्रोत्साहन समिति तथा शिव शक्ति कीर्तन मंडली की ओर से आषाढ़ कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि के दिन काशीरामपुर तल्ला वार्ड नंबर 6 में हरियाली तीज उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसका शुभारंभ काशीरामपुर तल्ला की शिव शक्ति कीर्तन मंडली की अध्यक्षा गीता शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

तत्पश्चात कड़क खेल प्रोत्साहन समिति , शिव शक्ति कीर्तन मंडली द्वारा वृक्षारोपण किया गया व विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें अंताक्षरी तथा महिलाओं की कुर्सी दौड़ तीज महोत्सव के झूले का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सुलेखा सकलानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । अंताक्षरी प्रतियोगिता में शिव शक्ति कीर्तन मंडली ने बाजी मारी। तदोपरांत मातृशक्ति ने तीज महोत्सव के झूले का आनंद लिया। इस अवसर पर कड़क खेल प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष बबलू नेगी, सचिव संदीप बिष्ट तथा क्षेत्रीय मातृशक्ति उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन अंचल कुमार अग्रवाल ने किया।

# विधानसभा अध्यक्ष ने देखी तन्वी द ग्रेट फिल्म

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : लैंसडौन में बनाई गई फिल्म तन्वी द ग्रेट दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने भी फिल्म देखी। उन्होंने कहा कि यह फिल्म देश के युवाओं को सेना में भर्ती के लिए प्रेरित करेगी। साथ ही इससे पहाड़ के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने फिल्म के शो का शुभारंभ किया। उन्होंने फिल्म में दर्शाए गए उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता एवं सेना के अनुशासन की सराहना की।



कोटद्वार में फिल्म देखती विस अध्यक्ष

कहा कि यह फिल्म लैंसडौन की रमणीय वादियों, गढ़वाल राइफल के जांबाज जवानों की कठिन परिश्रम भरी दिनचर्या और स्वच्छता अभियान को विशेष रूप से प्रदर्शित करती है। फिल्म के निर्देशक अनुपम खेर को भी इसमें कैंट क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने का संदेश देते हुए दिखाया गया है। कहा कि इस प्रकार की फिल्में उत्तराखंड की संस्कृति, पर्यटन और सेना के शौर्य को देशभर में पहचान दिलाने में सहायक होती हैं।

# फसल को दीमक से बचाने के सिखाए गुर



भाबर क्षेत्र में खेतों का निरीक्षण करते पार्षद व अन्य

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : कृषि विभाग की ओर से भाबर क्षेत्र के पश्चिमी झंडीचौड़ व पूर्वी झंडीचौड़ में काश्तकारों को धान की फसल को दीमक से बचाने के तरीके बताए गए। इस दौरान मौजूद काश्तकारों से अन्य काश्तकारों तक जानकारी पहुंचाने की भी अपील की गई। भाबर क्षेत्र के पश्चिमी झंडीचौड़ व पूर्वी झंडीचौड़ में खेतों में खड़ी धान की फसल को दीमक नुकसान पहुंचा रही है। इस कारण धान की पौध सूख रही है और उसका तना टूटकर खेत में गिर रहा है। पार्षद सुखपाल शाह ने बताया कि उन्हें इस संबध में कृषक सुरेश चंद, नयन सिंह बिष्ट, राजेंद्र सिंह चौहान व गजे सिंह आदि ने अवगत कराया। इस पर उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को गुरूवार को मौके पर बुलाया। कृषि विभाग के ब्लॉक दुगड्डा प्रभारी केहर सिंह व बीटीएम शशि मोहन बिंजोला ने खेतों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए बताया कि दीमक खड़ी धान की फसल को नुकसान पहुंचा रही है। ऐसी स्थिति में कृषकों को कारटप प्लस क्लोरो नाम की दवाई का स्प्रे करना चाहिए। इस पर पार्षद सुखपाल शाह व अन्य किसानों ने विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## शिविर में विद्यार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के अंतर्गत इंटर कालेज मोटाढाक में अमेरिकन फाउंडेशन व स्वास्थ्य विभाग दुगड्डा के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही छात्रों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी प्रेरित किया गया।

शिविर में छात्र-छात्राओं में एनीमिया, दंत रोगों की जांच की गई। किशोरियों को मासिक समस्याओं को लेकर जागरूक किया। प्राथमिक चिकित्सालय की महिला चिकित्साधिकारी डा. योगिता बिष्ट ने मेडिकल के क्षेत्र से संबंधित कैरियर काउंसलिंग करवाई गई। तत्पश्चात अमेरिकन फाउंडेशन की तरफ से छात्र-छात्राओं को फल व विस्कुट वितरित किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. महावीर बिष्ट ने कार्यक्रम आयोजित करवाने के लिए संस्था व स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया। इस मौके पर डा. अजय रयाल, डा. योगिता कोठियाल, पूजा असवाल, सरिता भट्ट, किशोर बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# एलयूसीसी पीड़ितों ने उठाई घोटाले की सीबीआई जांच की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पिछले कई दिनों से धरने पर डटे द लोनी अरबन मल्टी स्टेट क्रेडिट थ्रिप्ट को आपरेटिव सोसाइटी (एलयूसीसी) पीड़ितों ने सरकार से अपने साथ ठगी की घटना की सीबीआई जांच करवाने की मांग की है। कहा कि यदि जल्द रकम वापस नहीं मिली तो वह आंदोलन को तेज करेंगे।

गुरुवार को पीड़ितों ने तहसील परिसर में धरना दिया। बताया कि उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई एलयूसीसी में निवेश की थी। उक्त कंपनी को प्रदेश सरकार ने मान्यता दी। लेकिन, वर्तमान में यह कंपनी निवेशकों की रकम लेकर फरार हो गई है। पीड़ितों ने प्रदेश सरकार की मंशा पर भी सवाल खड़े किए। कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की बात कर रहे है, वहीं सांसद अनिल बलूनी सोशल मीडिया में गृह सचिव से वार्ता करने की बात कर रहे है। कहा कि सरकार पंचायत चुनावों



कोटद्वार तहसील में धरने पर बैठे ठगी के पीड़ित

को देखते हुए इस प्रकार के भ्रामक बयान जारी कर रही है। कहा कि एलयूसीसी ठगी पीड़ित विगत कई दिनों से विभिन्न क्षेत्रों में धरना दे रहे हैं। लेकिन, शासन स्तर का कोई भी अधिकारी उनकी पीड़ा जानने के लिए धरना स्थल पर नहीं आया। ऐसे में कैसे पीड़ितों को न्याय मिलेगा यह बड़ा सवाल है। इस मौके पर राजेंद्र सिंह भंडारी, सुनीता रावत, कल्पना पटवाल, ज्योति नेगी, रश्मि, सोनी नेगी, वीरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह नेगी, प्रदीप सिंह मौजूद रहे।

# शिवांशु बड़थ्वाल बनें प्रधानमंत्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज जानकीनगर में छात्र संसद व कन्या भारती का गठन हुआ। जिसमें शिवांशु बड़थ्वाल को प्रधानमंत्री बनाया गया।

विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक विष्णु कुमार अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कोटद्वार के जिला प्रचारक कमल कुमार, प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती, प्रबंधक राजेंद्र जखमोला व विशिष्ट अतिथि डा. सुरेश कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थियों को लक्ष्य तय कर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। छात्र सांसद प्रभारी शिवराम बडोला ने बताया कि छात्र संसद में शिवांशु बड़थ्वाल को प्रधानमंत्री, केशव चतुर्वेदी को सेनापति, मोहित नेगी को उप प्रधानमंत्री, सार्थक जुयाल को उप सेनापति बनाया गया। कन्या भारती में नेहा पंवार को अध्यक्ष, निहारिका नेगी को सचिव, वंदना को विभाग प्रमुख, आरुषि चतुर्वेदी को विभाग प्रमुख और अपर्ण कोली को पुस्तकालय प्रमुख का दायित्व दिया गया। कार्यक्रम में आस्था प्रजापति को प्रचार प्रमुख,



कोटद्वार के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज जानकीनगर में आयोजित कार्यक्रम में शपथ लेते विद्यार्थी

अपर्णा को समाचार प्रमुख, अनन्या ध्यानी को वाचनालय प्रमुख, अदिति ध्यानी को संस्कृत प्रमुख, हिमांशु को पर्यावरण प्रमुख, आयुषी बडोला को स्वच्छता प्रमुख, प्रशांत धस्माना को विज्ञान प्रमुख, प्रियंका को प्रतियोगिता प्रमुख, वैष्णवी डोबरियाल को भोजन प्रमुख, आशीष रावत को घोष प्रमुख, नवीन सिंह को वाहन प्रमुख बनाया गया है। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक रोहित बलोदी, उप प्रधानाचार्य अनिल कोटनाला, राकेश चमोली, राहुल भाटिया, भूपेंद्र रावत, राजन कुमार, मोहन सिंह, अनिरुद्ध गुसाईं, सुबोध ध्यानी, चंद्र प्रकाश, संगीता रावत, मधुबाला नौटियाल, संगीता कुकशाल, नंदिनी नैथानी, प्रेरणा शर्मा, प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे।

# गैस एजेंसी में हुई अनियमितता की हो जांच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर स्थित गैस एजेंसी में हुई अनियमितता की जांच को लेकर स्थानीय लोगों व पार्षदों ने गढ़वाल मंडल विकास निगम को ज्ञापन दिया। कहा कि इस संबंध में स्थानीय जनता लगातार आवाज उठा रही है।

पार्षद सौरभ नौडियाल के नेतृत्व में लोगों ने देहरादून गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक विशाल मिश्रा को ज्ञापन दिया। कहा कि भाबर क्षेत्र में गैस सप्लाई के लिए गैस एजेंसी स्थापित की गई थी। लेकिन, लंबे समय से एजेंसी में अनियमितता हो रही है। घर-घर पहुंच रहे सिलेंडर में निर्धारित क्षमता से कम गैस होती है। पूर्व में वार्ड वासियों ने इसका एक वीडियो बना कर इंटरनेट मीडिया पर भी प्रसारित किया था। यही नहीं, उपभोक्ताओं ने समय-समय पर प्रशासन को भी इससे अवगत करवाया। लंबे संघर्ष के बाद गैस एजेंसी के प्रबंधक का स्थानांतरण तो हो गया।



देहरादून में गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रबंधक को ज्ञापन देते पार्षद व अन्य

लेकिन, एजेंसी में हुए भ्रष्टाचार की जांच नहीं हुई। कहा कि गढ़वाल मंडल विकास निगम को एजेंसी में हुए भ्रष्टाचार की पूरी जांच कर प्रबंधक व दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। इस मौके पर पार्षद रजनीश बेबनी, आशीष रौतेला, रविंद्र रावत, मनोज वर्मा आदि मौजूद रहे।

# बारिश ने खोली जिला प्रशासन और नगर पालिका के दावों की पोल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गुरुवार को हुई बारिश ने जिला प्रशासन व नगर पालिका के दावों की पोल खोल दी है। बारिश से कंडोलिया मार्ग का सारा बरसाती पानी सड़कों पर बहता रहा। जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि जिला प्रशासन मानसून में तैयारियों को लेकर बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन धरातल पर काम नहीं होने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कहा कि इस संबंध में कई बार पालिका को जानकारी देने के बावजूद भी समस्या का निराकरण नहीं किया रहा है।

गुरुवार को शहर में तेज बारिश हुई। बारिश से एजेंसी से कंडोलिया जाने वाले मार्ग में नालियां चोक होने से सारा बरसाती पानी सड़कों पर बहता रहा। जिससे स्कूली बच्चों के साथ ही अन्य राहगीरों को आवाजाही करने में परेशानी का सामना करना पड़ा। एजेंसी निवासी व्यापारी सुनील बिष्ट, दीपक सिंह, विजय, धर्मेंद्र आदि ने बताया कि पिछले लंबे समय से बरसात के समय यह समस्या होती आई है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मानसून में तैयारियों को लेकर बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन धरातल पर काम नहीं होने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कहा कि कई बार पालिका प्रशासन से शिकायत करने के बाद भी आज तक समस्या का हल नहीं निकाला जा रहा है। जिससे बरसात के समय बरसाती पानी सड़कों पर बहने से लोगों को आवाजाही करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं, नगर पालिका के ईओ शांति प्रसाद जोशी ने बताया कि शहर में लगातार नालियों की सफाई की जा रही है।


# कार्यालय नगर पंचायत सतपुली, पौड़ी गढ़वाल

पत्रांक सं0-155/ दुकान-आवंटन /2025–26 — दि0 22 जुलाई 2025

## सार्वजनिक सूचना

नगर पंचायत सतपुली क्षेत्रान्तर्गत सतपुली थाने के समीप नवनिर्मित बहुमंजिला शॉपिंग कॉम्पलैक्स में बनी 08 दुकानें (दुकान सं0-02, 03, 04, 05, 06, 07, 09 एवं 10) को मासिक किराया पद्धति अन्तर्गत आवंटन करने हेतु खुली बोली आमंत्रित की जाती है। खुली बोली प्रक्रिया नवनिर्मित बहुमंजिला शॉपिंग कॉम्पलैक्स में दिनांक 01 अगस्त 2025 को प्रातः 11:00 बजे से आरम्भ की जाऐगी। यदि किन्ही अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो बिड अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित समय पर की जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | किराये का मासिक न्यूनतम दर (प्रति दुकान का) | ई0एम0डी0 धनराशि | आवंटन की अवधि | बिड आवेदन प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | थाने के समीप नवनिर्मित बहुमंजिला शॉपिंग कॉम्प्लैक्स में बनी 08 दुकानों (दुकान सं0 02, 03, 04, 05, 06, 07, 09 एवं 10) का मासिक किराया पद्धति से आवंटन। | रू0 2,500/- प्रति माह | रू0 10,000.00 | 03 वर्ष | रू0 200.00/- |

शर्ते

1. आवेदक नगर पंचायत सतपुली का स्थाई निवासी होना चाहिए, साक्ष्य के रूप में स्थाई निवास प्रमाण पत्र की प्रति के साथ आधार कार्ड देना होगा।
2. पात्रता पूर्ण करने के उपरांत अधिकतम मासिक किराया की बोली लगाने वाले बोलीदाता को ही अनुबन्ध हेतु बुलाया जाएगा।
3. बोली हेतु आवेदन पत्र दिनांक 29 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक कार्यालय से निर्धारित मूल्य अदा कर क्रय कर सकते हैं।
4. बोली में भाग लेने वाले व्यक्ति को रु0 10,000/– की बैंक एफ0डी0आर0 अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सतपुली के पद नाम बन्धक कर कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा।
5. दुकानों हेतु अनुबन्ध प्रथमबार 03 वर्ष के लिए किया जायेगा।
6. प्रत्येक किरायेदार को सुरक्षा के दृष्टिगत नियमानुसार अपनी दुकान में अग्निशामक सिलेन्डर रखना अनिवार्य होगा।
7. प्रत्येक किरायेदार द्वारा निकाय के उपविधि के अनुसार प्रत्येक माह निकाय को यूजर चार्ज भुगतान करना होगा।
8. दुकान आवंटित होने पर किरायानामा बनेगा जिसमें किरायेदार को दुकान के मासिक किराया की अधिकतम बोली अनुसार पूरे 03 वर्ष का किराया कार्यालय नगर पंचायत सतपुली को अग्रिम भुगतान करना होगा।
9. दुकान में विद्युत एवं पानी का कनैक्शन एवं बिल भुगतान स्वयं किरायादार द्वारा किया जाएगा।
10. दुकान में स्वच्छ भारत मिशन के प्रावधानों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
11. बिना निकाय की स्वीकृति के कोई भी किरायादार दुकान में भौतिक रूप से कोई परिवर्तन नहीं कर सकता है और ना ही कोई तोड़-फोड़ कर सकता है।
12. एक व्यक्ति एक ही दुकान की बोली हेतु प्रतिभाग कर सकता है एवं जिसे 01 दुकान आवंटित हो जाएगी वे व्यक्ति दूसरी दुकानों हेतु बोली नहीं लगा सकता है।
13. जिस व्यक्ति के नाम दुकान स्वीकृत होगी उसे 03 कार्यदिवसों के भीतर पूरे 03 वर्षों का अग्रिम किराया जमा कर अनुबन्ध स्थापित करना होगा।
14. निकाय द्वारा स्वीकृत किरायादार किसी दूसरे व्यक्ति को दुकान सबलेट नहीं कर सकता है।
15. दुकानों का पूर्ण स्वामित्य का अधिकारी नगर पंचायत सतपुली का होगा कोई भी किरायेदार दुकान में स्वामित्य अधिकार हेतु दावा प्रस्तुत नहीं कर सकता है।
16. बोली प्रक्रिया में कार्यालय नगर पंचायत सतपुली के अधिकारी, कर्मचारी, बोर्ड के मा0 अध्यक्ष, सदस्य एवं तनके सगे-सम्बंधियों द्वारा प्रतिभाग नहीं किया जाएगा।
17. किसी भी आवेदन को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सतपुली**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सतपुली**
**पौड़ी गढ़वाल**

(1124/65)

## संक्षिप्त समाचार

### बेटे को दुष्कर्म के केस में फंसाने की दी धमकी, 65 हजार की ठगी

अल्मोड़ा। भतरौंजखान क्षेत्र में एक बुजुर्ग व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठग ने खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताकर बुजुर्ग से 65 हजार रुपये ऐंठ लिए। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लौकेट गांव निवासी बालकृष्ण नामक बुजुर्ग बुधवार सुबह अपने घर में काम कर रहे थे, तभी उनके पास एक अनजान फोन आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताया और कहा कि उनका बेटा दुष्कर्म के आरोप में पुलिस हिरासत में है। साथ ही धमकी दी कि अगर बेटे को छुड़ाना है तो तुरंत 65 हजार रुपये बताए गए बैंक खाते में जमा करने होंगे। अचानक मिली इस सूचना से बुजुर्ग घबरा गए और डर के मारे भतरौंजखान स्थित बैंक शाखा में जाकर 65 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। रकम खाते में डालने के तुरंत बाद कॉल कट गया। बैंक से बाहर आने के बाद उन्होंने बेटे को फोन किया और पूछा कि क्या पुलिस ने उसे छोड़ दिया। बेटे ने जब ऐसी किसी घटना से इनकार किया, तब जाकर बुजुर्ग को ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद बालकृष्ण ने भतरौंजखान थाने पहुंचकर पूरी घटना की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मामला साइबर अपराध का प्रतीत हो रहा है।

### ताड़ीखेत और ताकुला के पोलिंग बूथों का जिलाधिकारी व एसएसपी ने किया औचक निरीक्षण

अल्मोड़ा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के तहत गुरुवार को जनपद के ताड़ीखेत और ताकुला ब्लॉकों में मतदान के दौरान जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय और एसएसपी देवेंद्र पींचा ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया की सुचारुता सुनिश्चित करने के लिए ड्यूटी में तैनात सुरक्षा बलों, जोनल व सेक्टर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और मतदान केंद्रों पर शांति एवं व्यवस्था बनी रहे। वहीं जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी और मुख्य अग्निशमन अधिकारी लगातार विभिन्न बूथों पर भ्रमणशील रहे और सुरक्षा में लगे कर्मियों को दिशा–निर्देश देते रहे। संबंधित थानों के थानाध्यक्षों सहित जोनल और सेक्टर अधिकारी भी सतत भ्रमण पर रहे।

# महाराज ने सेडियाखाल, डॉ. रावत ने नौगांव तो गोदियाल ने पाटुली में किया मतदान



जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पंचायत चुनावों के पहले चरण में जिले के आठ ब्लाकों में गुरुवार को मतदान हुआ। जिसमें पाबौ, खिर्सू, थलीसैंण, एकेश्वर, बीरोंखाल, नैनीडांडा, रिखणीखाल और पोखड़ा ब्लाक शामिल है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में इस बार मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। गांव की सरकार चुनने को सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी लाईनें लगी रही।

बीरोंखाल, थलीसैंण और धुमाकोट के कुछ हिस्सों में मतदान के दौरान हल्की बारिश भी दोपहर बाद हुई, हालांकि इसका कोई खास असर मतदान पर नहीं दिखाई दिया। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने अपने गांव पोखड़ा ब्लाक के बूथ सेडियाखाल में मतदान किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वह घरों से निकले और अपने क्षेत्र और जिले के विकास के लिए वोट दे। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने भी प्राइमरी स्कूल नौगांव में बने बूथ पर अपनी पत्नी डॉ. दीपा रावत के साथ लाइन में लगकर मतदान किया। सभी पंचायतों को बधाई देते हुए कहा कि पंचायतों के महापर्व में लोग बढ़चढ़ कर मतदान में हिस्सा ले रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भी प्राइमरी स्कूल पाटुली बूथ पर अपना मतदान किया।

## गांव की सरकार बनाने को मतदाताओं में दिखा उत्साह



बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाताओं ने भी मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाई।

जिले में गुरुवार को 8 ब्लाकों में पहले चरण में 22 जिला पंचायत सदस्यों के साथ ही 195 बीडीसी और 509 ग्राम प्रधान सीटों के लिए मतदान हुआ। मतदाताओं का सुबह से ही पोलिंग बूथों पर पहुंचना शुरू हो गया था। दिन बढ़ने के साथ ही पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की भीड़ भी बढ़ती रही। मतदान करने को लेकर विभिन्न ब्लाकों में युवाओं, बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर मतदान किया। अलग-अलग बूथों में पहली बार मतदान करने आए युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिले में पहले चरण के मतदान में युवाओं, बुजुर्गों, दिव्यांग मतदाताओं में उत्साह देखा गया। युवाओं का कहना था कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करना चाहिए। वहीं,

## बेस अस्पताल में पार्किंग की सुविधा न मिलने से मरीज और तीमारदार परेशान

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के टीचिंग बेस अस्पताल में पार्किंग की सुविधा न मिलने से मरीजों और तीमारदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में चौपहिया वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था न होने से मरीजों को वाहन खड़ा करने के लिए भटकना पड़ रहा है। अस्पताल में ओपीडी भवन के आगे का क्षेत्र स्टाफ के वाहनों के लिए आरक्षित है, जबकि इमरजेंसी भवन के सामने सिर्फ दोपहिया वाहन ही खड़े किए जा सकते हैं। मजबूरी में मरीजों को लाने वाले तीमारदार वाहन को राजमार्ग किनारे, फुटपाथ या आसपास की संकरी जगहों पर खड़ा करना पड़ता है, जिससे कई बार जाम की स्थिति भी बन जाती है।

चमोली, पौड़ी, रुद्रप्रयाग जनपद से बड़ी संख्या में गंभीर और रेफर मरीज यहां इलाज के लिए आते हैं। अधिकतर मरीजों को प्राइवेट टैक्सी, कार या अन्य निजी वाहनों से लाया जाता है। तीमारदारों का कहना है कि वाहन खड़ा करने के लिए घंटों भटकना पड़ता है। कई बार इमरजेंसी में पहुंचे मरीजों के साथ वाहन को सड़क पर खड़ा करना जोखिम भरा होता है, साथ ही चालान का डर भी बना रहता है। पौड़ी से पहुंचे एक मरीज के तीमारदार ने कहा कि अस्पताल में इलाज के साथ-साथ पार्किंग न मिलना सबसे बड़ी परेशानी है। अगर गंभीर मरीज के साथ जल्दी इलाज कराना हो तो पहले वाहन कहां खड़ा करें, यही चिंता होती है। चिकित्सा अधीक्षक डा. राकेश रावत ने बताया कि पार्किंग समस्या के समाधान को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं। ओपीडी भवन के समीप पुलिस चौकी को अन्य जगह शिफ्ट करने की योजना है, जिससे लगभग दो सौ वाहनों की पार्किंग की सुविधा विकसित हो सकेगी। इसके अलावा नए सीबीसी भवन के पास मलबा हटाकर भी पार्किंग स्थल तैयार किया जाएगा। फिलहाल मरीजों और तीमारदारों ने मांग की है कि जब तक स्थायी व्यवस्था नहीं बनती, तब तक वैकल्पिक अस्थायी पार्किंग का प्रबंध किया जाए, जिससे उन्हें राहत मिल सके। (एजेंसी)

## हुड़दंग मचाने वाला राजस्व उपनिरीक्षक गिरफ्तार

चमोली : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के सफल संपादन के लिए परगना मजिस्ट्रेट तथा तहसील प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजकीय प्राथमिक विद्यालय छेकुड़ा मतदान केंद्र में एक व्यक्ति द्वारा मतदान प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नारायण बगड़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम देवली निवासी देवा नंद जोशी (उम्र 35 वर्ष) राजस्व उपनिरीक्षक क्षेत्र छेकुड़ा तहसील नारायणबगड़, शराब के नशे में मतदान केंद्र परिसर में हुड़दंग मचा रहा था। डीडीआरएफ के जवान हरेंद्र सिंह द्वारा उसे समझाने का प्रयास किया गया, तो उसने जवान के साथ गाली-गलौज और हाथापाई शुरू कर दी। मौके की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना की पुष्टि करते हुए उपजिलाधिकारी थराली पंकज भट्ट ने बताया कि आरोपी को नियमित पुलिस नारायणबगड़ के सुपुर्द कर दिया गया है तथा उसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए प्रशासन कृतसंकल्प है और किसी भी प्रकार के विघ्न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## राखी भेजने के लिए खुलेगें अलग से काउंटर

चमोली : भाई बहनों के स्नेह के त्यौहार रक्षा बंधन पर बहिनों को भारतीय डाकघर एक अच्छी पहल करने जा रहा है। डाकघरों से राखी भेजने के लिए अलग से काउंटर पोस्ट आफिस में खोले जायेंगे।

जहां से बहनें अपने भाइयों को स्पीड पोस्ट से राखी भेज सकेंगी। डाक अधीक्षक टिकम्बर सिंह गुसाईं ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया गोपेश्वर तथा रुद्रप्रयाग डाकघर में बड़ी संख्या में बहनें अपने भाइयों को राखी के लिफाफे भेजने के लिए पहुंच रही हैं। बहनों को आसानी हो और वे देते तक लाइन में खड़ी न रहें। इसे ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त काउंटर खोले गए हैं।

## नगर पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र चौहान ने जन्म दिवस पर रोपा समलौंण पौधा

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकासखंड एकेश्वर सतपुली स्थित वृद्ध आश्रम मलेठी सतपुली में समलौण पर्यावरण एवं सामाजिक संस्था के बैनर तले नगर पंचायत सतपुली अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान के जन्म दिवस पर नांरगी, आम फलदार प्रजाति के पौधों का समलौंण के तौर पर रोपण किया गया।

पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी नीलम चौहान और निकिता चौहान ने ली। इस मौके पर जितेंद्र चौहान ने कहा समलौण संस्था के संस्थापक बीरेंद्र दत्त गोदियाल द्वारा वृद्ध आश्रम में समय-समय पर कर्मयोगी स्वर्गीय ठाकुर सुंदर सिंह चौहान के नेतृत्व में आश्रम में पौधों रोपण किया जाता रहा है। कहा कि अगस्त माह में भी आश्रम में रिक्त पड़ी भूमि में स्वर्गीय सुंदर सिंह चौहान की स्मृति में विभिन्न प्रकार के फूलों और फलों की एक समलौण पुष्प वाटिका की स्थापना की जाएगी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष जितेन्द्र चौहान की माता श्रीमती सोनी देवी, पत्नी नीलम चौहान, भाई त्रिलोक सिंह चौहान, निकिता चौहान, सामाजिक संस्था के संयोजक जगमोहन डांगी, जनता इंटर कालेज जखेटी के सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य प्रेम सिंह रावत, आश्रम के प्रबंधक पुनीत रावत, स्वयं सेवी विक्रम सिंह रावत आदि मौजूद थे।




## निर्वाचन लोकतंत्र का पर्व, इसमें सभी की सहभागिता आवश्यक

### डीएम और एसएसपी ने लिया मतदान केंद्रों का जायजा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह के साथ गुरुवार को विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी ने बूथों में तैनात कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों से जानकारी लेते हुए मतदान केंद्र और आसपास के क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करवाने को कहा। कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र का पर्व है और इसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी ने एकेश्वर ब्लाक के पोलिंग बूथ राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटीसैंण, राजकीय प्राथमिक विद्यालय अमोठा, राजकीय इंटर कॉलेज मेटाकुंड, प्राथमिक विद्यालय बौसालधार और मलेठी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं पेयजल, रैंप, शौचालय, शेड का जायजा लिया, जिससे मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग मतदाताओं और महिलाओं की सुविधा का ध्यान रखने के निर्देश दिए।



## विधायक चौधरी और आशा नौटियाल ने डाले वोट

रुद्रप्रयाग : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा के दोनों विधायकों ने अपने-अपने गांव के नजदीक बने पोलिंग बूथों में वोट डाले। उन्होंने वोट देने के बाद सभी लोगों से लोकतंत्र के इस महापर्व में बड़ी संख्या में वोट डालने आने की अपील भी की। इसके बाद विधायकों ने अनेक क्षेत्रों में चुनाव की स्थिति को लेकर निरीक्षण किया। रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी सुबह ही अपने गांव के समीप घोलतीर पोलिंग बूथ पर पहुंचे, किंतु यहां मतदाताओं की भीड़ को देखते हुए उन्होंने कुछ देर बाद वोट देने का मन बनाया। इसके बाद वे आस-पास के पोलिंग बूथों का निरीक्षण करने पहुंचे। करीब 12 बजे विधायक चौधरी ने अपने पोलिंग बूथ पर वोट डाला। वहीं केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ऊखीमठ से सारी पोलिंग बूथ पर वोट देने सुबह पहुंच गई।

## अचेत अवस्था में मिला युवक, मौत, जांच में जुटी पुलिस

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली श्रीनगर क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार देर रात्रि चमधार गदेरे में एक युवक अचेत अवस्था में मिला। ग्रामीणों की सूचना के बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने युवक को बेस चिकित्सालय पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की टीम ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार गदेरे में नहाते समय युवक 150 मीटर नीचे बहकर आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। श्रीनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि बुधवार देर सांय चमधार देवलगढ़ जाने वाली रोड पर गदेरे के पास युवक के अचेत अवस्था में पड़े होने की सूचना प्राप्त हुई। बताया कि सूचना प्राप्त होते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम द्वारा युवक को बेस चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया कि युवक की पहचान 31 वर्षीय जयविंद पुत्र शिशुपाल निवासी कलियासौड़ के रूप में हुई है। बताया कि पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज के शवगृह में भेज दिया है। युवक चमधार के पास अपनी दुकान चलाता था। उन्होंने बताया कि लोगों से मिली जानकारी के अनुसार युवक दोपहर के समय अपने दोस्त के साथ गदेरे में नहाने गया था। दूसरा युवक तो किसी कार्य से श्रीनगर आ गया था, लेकिन जयविंद गदेरे में नहाने चला गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बताया कि परिजनों की ओर से अभी तक किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिली है। (एजेंसी)






## नराकास की 24वीं छमाही बैठक संपन्न, राजभाषा हिंदी के प्रचार—प्रसार पर हुआ मंथन

अल्मोड़ा। विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा में मंगलवार को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), अल्मोड़ा की 24वीं छमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक और नराकास अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मी कान्त ने की, जबकि गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) अजय कुमार चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने संस्थान द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रचार–प्रसार और प्रभावी अनुपालन को लेकर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सदस्य कार्यालयों से अपील की कि वे राजभाषा विभाग के दिशा–निर्देशों का ईमानदारी से पालन करें और प्रेरणा प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मी कान्त ने सदस्य कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग में हो रही सकारात्मक प्रगति पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना है और सभी कार्यालयों को चाहिए कि वे अपने विभागों में इसके लिए सतत प्रयासरत रहें। सदस्य सचिव एवं मुख्य तकनीकी अधिकारी रेनू सनवाल ने पिछली बैठक की कार्यवाही पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम 2025–26 की जानकारी साझा की।

## सड़क पर घायल युवक को विधायक ने पहुंचाया अस्पताल

रुद्रप्रयाग : कुंड–चोपता–चमोली मोटर मार्ग पर एक घायल युवक के लिए केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल मददगार बनी। उन्होंने घायल की स्थिति को देखते हुए शीघ्र उसे अपने वाहन में बैठाया और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ पहुंचाया जहां उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। गुरुवार को पंचायत चुनाव में पोलिंग बूथों का भ्रमण करते हुए केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल कुंड–चोपता–चमोली मोटर मार्ग पर मक्कू की ओर जा रही थी कि इस बीच डुंगर किमाणा के पास एक युवक गंभीर स्थिति में सड़क पर था। विधायक ने युवक को देखते ही वाहन रोका, और उससे घटना को लेकर जानकारी पूछी। उन्होंने युवक की स्थिति देखी और स्वयं के वाहन में बैठाकर उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ पहुंचाया। जहां उसका उपचार किया गया। दरअसल, पंचायत चुनाव के चलते सड़कों पर वाहनों की आवाजाही ना के बराबर थी। यह युवक सड़क पर काफी देर तक था। इस बीच विधायक ने पहले उक्त युवक की मदद की और बाद में फिर अपने भ्रमण पर गई।

## प्रधानाचार्य विभागीय भर्ती नियमावली 2022 को रद करने की उठाई मांग

चमोली : राजकीय शिक्षक संघ की चमोली जिला कार्यकारिणी ने प्रांतीय कार्यकारिणी को ज्ञापन प्रेषित कर मांग की है कि प्रधानाचार्य विभागीय भर्ती नियमावली 2022 को रद किया जाए। शिक्षक संघ के चमोली जिला महामंत्री प्रकाश सिंह चौहान और जनपद अध्यक्ष प्रदीप भंडारी ने बताया कि मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखण्ड सरकार की कैबिनेट द्वारा इस नियमावली के कुछ संशोधन प्रस्ताव स्वीकार किए गए हैं। राशिसं के महामंत्री और अध्यक्ष ने कहा जनपद चमोली की कार्यकारिणी इसका विरोध करती है। बताया कि इससे विभाग मे शिक्षकों के प्रमोशन के अवसर खत्म होंगे। सरकार पहले ही शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग बनाकर शिक्षकों के लिए विभाग में पद्दोन्नति के अवसरों को सीमित कर चुकी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान मे प्रदेश मे प्रधानाचार्यों के 1386 पद स्वीकृत हैं जो कि शत प्रतिशत पद्दोन्नति से ही भरे जाते हैं। हजारों शिक्षक प्रधानाध्यापक पद (जो कि प्रधानाचार्य का फीडर पद हैं) हेतु निर्धारित न्यूनतम अहर्ताओं को पूरा करते हैं। शत प्रतिशत पद्दोन्नति से सरकार पर कोई भी व्यय भार नहीं पड़ेगा। सरकार बहुत कम समय में प्रधानाध्यापकों के पदों पर प्रमोशन कर उन्हें शिथिलीकरण व्यवस्था का लाभ देकर प्रधानाचार्यों के रिक्त पदों को भर सकती है। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 90 फीसदी प्रधानाचार्यों/प्रधानाध्यापकों के पद रिक्त चल रहे हैं। जनपद चमोली में प्रधानाचार्यों के 128 स्वीकृत पदों मे से मात्र 8 स्थाई प्रधानाचार्य कार्यरत हैं। इसी प्रकार 78 प्रधानाध्यापकों में से मात्र 1 स्थाई प्रधानाध्यापक कार्यरत हैं। राजकीय शिक्षक संघ जनपद चमोली के महामंत्री प्रकाश सिंह चौहान ने कहा राजकीय शिक्षक संघ चमोली प्रधानाचार्य विभागीय भर्ती नियमावली का विरोध करता है। कहा पूर्व की भांति इन पदों को वरिष्ठता के आधार पर पद्दोन्नति से भरने की मांग पूरी की जाय।

## रेंडमाइजेशन से 519 पोलिंग पार्टियों का किया गया चयन

### जनपद के दशोली, नंदानगर, पोखरी, कर्णप्रयाग और गैरसैंण विकासखंडों में द्वितीय चरण में होगा मतदान



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 के द्वितीय चरण हेतु होने वाले मतदान के लिए गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न की गई। इस दौरान यहां रिजर्व सहित कुल 519 पोलिंग पार्टियों का चयन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पं.) संदीप तिवारी ने बताया कि चमोली जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए दशोली, नंदानगर, पोखरी, कर्णप्रयाग और गैरसैंण विकास खंडों में द्वितीय चरण में मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी। जिसके पारदर्शी और सुचारु संचालन के लिए रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से रिजर्व सहित कुल 519 पोलिंग पार्टियों का चयन किया गया है।

बताया कि जनपद में द्वितीय चरण के 431 मतदेय स्थलों पर मतदान की प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। द्वितीय चरण के मतदान के लिए रेंडमाइजेशन के माध्यम से दशोली के लिए 90, नंदानगर के लिए 84, पोखरी के लिए 94, कर्णप्रयाग के लिए 117 गैरसैंण के लिए 134 पोलिंग पार्टियों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि जनपद में पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। जिसके लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं।

## आरटीई में फर्जी प्रमाणपत्रों से एडमिशन की राज्य स्तर पर होगी जांच

देहरादून। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) में मुफ्त शिक्षा के लिए फर्जी आय प्रमाण पत्रों की जांच बाकी जिलों तक भी पहुंच गई है। हल्द्वानी में आरटीई में दाखिले के लिए 15–15 हजार रुपये में फर्जी आय प्रमाण पत्र बनाए जाने का खुलासा हुआ था। स्थानीय स्तर पर जांच में 17 लोगों के आय प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए हैं। अब शिक्षा महानिदेशक ने सभी जिलों को आरटीई में फर्जी आय प्रमाण पत्रों के जांच के आदेश दिए हैं। आरटीई में दाखिलों को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। इस बार हल्द्वानी में सामने आए प्रकरण के बाद शिक्षा विभाग ने सभी जिलों में इसकी जांच शुरू करवा दी है। शिक्षा महानिदेशक दीप्ति सिंह ने बताया कि कुछ लोगों ने बच्चों के दाखिले के लिए फर्जी आय प्रमाण पत्र बनाए हैं, इसकी जांच विभागीय स्तर पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को भी अपने–अपने जिले में आरटीई में हुए दाखिलों में प्रयुक्त आय प्रमाण पत्रों की जांच करने के लिए कहा गया है। साथ ही सभी जिलाधिकारियों से भी तहसील स्तर से जारी किए गए आय प्रमाण पत्रों की जांच में सहयोग की अपेक्षा की अपेक्षा की गई है। दीप्ति सिंह ने कहा कि फर्जी आय प्रमाण पत्र से दाखिला लेने वालों का प्रवेश निरस्त कर पात्रता वाले छात्रों को मौका दिया जाएगा।


**जयन्त**

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382—222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com